[A-56] No. of printed pages : 2

SC

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**BA (IV Semester) Examination**
**Tuesday, 28 April 2015**
**2.30 pm - 5.30 pm**
**UA04CHLT09-Hindi Paper IX**
**Hindi Upanysas Part II (Tamas)**

**Total Marks : 70**

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । **(कोई तीन)** (१५)

(१) ''जब तनखाह बढ़वानी थी तब रात के ग्यारह बजे भी बुलाओ तो आ जाता था । अब जब तनखाह बढ़ गई है, उसे क्या गर्ज पड़ा है कि वक्त पर आये ।''

(२) ''अजीज और हकीम हिन्दुओं के कुत्ते हैं । हमें हिन्दुओं से नफरत नहीं इनके कुत्तों से नफरत है ।''

(३) ''गाँधीजी का फरमान है कि पाकिस्तान उनकी लाश पर बनेगा, मैं भी पाकिस्तान नहीं बनने दूंगा ।''

(४) हमने उनके कम आदमी नहीं काटे हैं । ''उन्नीस बीस का ही फर्क होगा, सिंहजी । यह बदकिस्मती हमारी कि असला चुक गया....।''

(५) ''दिन के उजाले में शहर अधमरा-सा पड़ा था मानो उसे साँप सूँघ गया हो । मंडी अभी भी चल रही थी, म्युनिसिपैलिटी के फायर बिगेड ने उसके साथ जूझना कब का छोड़ दिया था । उसमें से उठने वाले धुँए से आसमान लाल हो रहा था । सत्रह दुकानें जलकर राख हो चुकी थीं ।''

प्र.२ समस्यामूलक उपन्यास के रूप में 'तमस' उपन्यास की समीक्षा कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए ।

(१) 'तमस' उपन्यास का शीर्षक एवं उद्देश्य ।
(२) 'तमस' उपन्यास का 'रिचर्ड' ।

प्र.३ ''उपन्यासकला के आधार पर 'तमस' उपन्यास की समीक्षा कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.३ टिप्पणी लिखिए ।

(१) 'तमस' उपन्यास की प्रासंगिकता ।
(२) 'तमस' उपन्यास का मुरदअली ।

प्र.४ निम्नलिखित में से **किन्हीं पन्द्रह** के अति संक्षेप में उत्तर लिखिए । (१५)

(१) 'तमस' उपन्यास कितने प्रकरणों में विभाजित हैं?

(२) 'तमस' का अर्थ क्या है?

(३) भीष्म साहनी ने किन-किन विधाओं में अपना योगदान दिया है ।

(४) सुअर को मारने के लिए नत्थू को किसने कहा था?

(५) भारत का विभाजन एक कैसी घटना है?

(६) 'फूट डालो और राज करो', नीति किसकी थी?

(७) रिचर्ड की पत्नी का नाम क्या है?

(८) ''भगवान किसी को बेघर न करें'' - कौन बोलता है?

(९) 'तमस' उपन्यास का कथाक्षेत्र कहाँ का है?

(१०) हरनामसिंह की पत्नी का नाम क्या था?

(११) 'तमस' के नारी पात्रों के नाम बताइये ।

(१२) ''आजादी सब के लिए है । सारे हिन्दुस्तान के लिए है''- यह वाक्य कौन बोलता है?

(१३) 'नत्थू' किस जाति का था?

(१४) 'तमस' उपन्यास में कहाँ के गुरुद्वारे का चित्र है?

(१५) 'तमस' उपन्यास में कौन-कौन कोंग्रेसी पार्टी के हैं?

(१६) 'तमस' उपन्यास में कितने धर्म की बात हुई है?

(१७) भीष्म साहनी के माता-पिता के नाम बताइए ।

(१८) 'तमस' उपन्यास में मानवीय करूणा का प्रतीक कौन है?

* * *